आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484

जननायक समाट

बर्ष :12 अंक :275 पृष्ठ -4 दिनांक 02 अक्टूबर 2024 दिन बुधवार

गांधी जयंती पर आंसू बहाने वाले सपा नेता की नई नौटंकी, टैंपो में छुपाकर ले जा रहे थे मूर्ति

उत्तर प्रदेश के संभल में गांधी जयंती के अवसर पर एक बार फिर से समाजवादी पार्टी के नेता फिरोज खान की नई नौटंकी सामने आई है. जिसमें सपा नेता टैंपो के अंदर मरीज के साथ गांधी की मूर्ति को छुपाकर ले जाने की को. शिश कर रहे थे, जिसके बाद पुलिस के साथ उनकी नोंक–झोंक हो गई. बताया जा रहा है कि वो इस मूर्ति को छुपाकर टैंपो में ले जा रहे थे ताकि उसे पार्क में स्थापित कर सकें लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया. सपा नेता फिरोज खान ने गांधी जयंती पर नौटंकी करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति को एक टैम्पो में रखा और उसमें एक स्टेचर पर एक आदमी को मरीज बना कर लिटा दिया. जिसे ड्रिप भी लगी हुई थी. सपा नेता बापू की मूर्ति को टैम्पो में छुपा कर उसे पार्क में लगाने जा रहे थे तभी पुलिस ने चौधरी सराय इलाके में टेम्पो को रोक लिया. गांधी जयंती पर सपा नेता की नई नौटंकी पुलिस ने जब इस टैंपो में तलाशी ली तो उसमें गांधी की मूर्ति मिली.

उन्होंने टैंपों को एंबुलेंस का लुक देने के लिए उसमें मरीज को भी लिटाया था लेकिन, पुलिस ने जब उन्हें पकड़ लिया तो वो बहस करने लगे. इस दौरान पुलिस और सपा नेता के बीच नोंक–झोंस भी शुरू हो गई. काफी देर तक हंगामा चलता रहा. काफी समझाने के बाद सपा नेता से गांधी की मूर्ति ले गई और उसे सपा कार्यालय में रखवा दिया गया.

यूपी के खादी आश्रमों में उत्पादों पर अगले 108 दिन तक . मिलेगी बड़ी छूट, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किया ऐलान

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर राजधानी लखनऊ स्थितगांधी आश्रम में चरखा चलाया. इस दौरान सीएम ने कहा कि गांधी आश्रम में 108 दिन तक खादी के उत्पादों पर 25 फीसदी छूट दी जाएगी. सीएम ने बापू की जयंती पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर की पुष्पांजलि की. इसके बाद उन्होंने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया. सीएम ने पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री को भी नमन किया.सीएम ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आजादी के महानायक थे. महात्मा गांधी द्वारा राष्ट्र और मानवता के लिए किए गए उनके योगदान के प्रति देश कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा है. सीएम गांधी की जयंती पर लखनऊ स्थिति क्षेत्रीय गांधी आश्रम भी पहुंचे, यहां उन्होंने चरखा चलाया और भजनों का आनंद लिया. सीएम ने यहां खादी के वस्त्रों की खरीदारी कर ऑनलाइन पेमेंट किया.सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि स्वदेशी जब तक भारत की आजादी का मंत्र नहीं बना था, तब तक आजादी की लड़ाई एकजुट होकर नहीं दिख रही थी. भारत की आजादी के आंदोलन के साथ महात्मा गांधी का जुड़ना और उसे स्वदेशी के साथ जोड़ने का जो अभियान रहा, इससे आजादी के लिए हर नागरिक के मन में गौरव व स्वावलंबन का भाव जागृत हुआ. खादी उसका प्रतीक बना. खादी हमारे जीवन का हिस्सा बने– ब्ड सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के प्रति उन अभियानों को ऊंचाई देना है, जिनकी प्रासंगकिता न केवल 100 वर्ष पहले, बल्कि आज भी उसी रूप में बनी है. जिस मिशन को पीएम मोदी ने दस वर्ष पहले प्रारंभ किया था, वह आज भी नई ऊंचाई को प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है. देश में 12 करोड़ से अधिक घरों में शौचालयों का निर्माण न केवल स्वच्छता के प्रति उनके आग्रह, बल्कि नारी गरिमा के गौरव को बढ़ाने का अभियान भी है. सीएम योगी ने कहा कि खादी हमारे जीवन का हिस्सा बने. उन्होंने बताया कि गांधी आश्रम में 108 दिन तक खादी के उत्पादों पर 25 फीसदी छूट दी जाएगी. सीएम ने आह्वान किया कि इस दौरान लोग खादी की कोई वस्तु जरूर खरीदें. ,स्वदेशी वस्तुओं को उपहार स्वरूप भेंट करें. स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल के लिए लोगों को प्रेरित करें. इससे अधिक से अधिक रोजगार का सृजन होगा और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को भी साकार करने में मदद मिलेगी. सीएम ने अपील की कि पर्व–त्योहार में विदेशी वस्तुओं की बजाय स्थानीय उत्पादों को प्राथमि. कता दें. सीएम योगी ने खादी आश्रम में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा कि शास्त्री जी राष्ट्रपिता के अनन्य भक्त व अनुयायी थे. वे गांधी जी के आह्वान पर देश के आ. जादी के आंदोलन में जुड़े थे. उन्हें 1964 में प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ. देश खाद्यान्न सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर सके, उसका परिणाम शास्त्री जी के छोटे कार्यकाल के दौरान भी देखने को मिला. उन्होंने कहा कि 1965 में दुश्मन देश द्वारा थोपे गए युद्ध का जवाब भारत ने तेजस्विता के साथ दिया था. यह देश के उस स्वरूप को दिखाता है कि विश्व मानवता के कल्याण के लिए कार्य करेंगे, लेकिन हमारी सीमाओं पर कोई अतिक्रमण करेगा तो उसका मुंहतोड़ जवाब भी देंगे.

56 साल बाद बर्फ में दबा मिला सेना के जवान का पार्थिव शरीर, रोहतांग दर्रे में विमान दुर्घटना में हुए थे लापता

उत्तराखंड के चमोली जिले के नारायण सिंह 56 साल पहले एक विमान दुर्घटना में लापता हो गए थे, सालों बाद उनका पार्थिव शरीर अब उनके गांव पहुंचने वाला है. नारायण सिंह, चमोली के थराली तहसील के कोलपुड़ी गांव के रहने वाले हैं.साल 1968 में हिमाचल प्रदेश के रोहतांग दर्रे में भारतीय वायुसेना का।छ–12 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें नारायण सिंह भी सवार थे. इस घटना के बाद वह लापता थे और परिवार को उनकी कोई सूचना नहीं मिली थी. अब 56 साल बाद बर्फ में दबे हुए चार सैनिकों के अवशेष पाए गए हैं, जिनमें से एक नारायण सिंह का शव भी शामिल है. गांव के प्रधान और नारायण सिंह के भतीजे जयवीर सिंह ने बताया कि सोमवार को सेना के अधिकारियों ने उन्हें सूचित किया कि उनके चाचा नारायण सिंह की पहचान हो चुकी है. पर्स में मिले कागज से शिनख्तजयवीर सिंह के मुताबिक, उनके पर्स में मिले एक कागज पर उनका नाम और उनकी पत्नी बसंती देवी का नाम दर्ज था. इसके अलावाउनकी वर्दी पर नेम प्लेट भी लगी हुई थी. सेना ने नारायण सिंह के शव को बर्फ से बाहर निकालने के बाद उसे संरक्षित किया है, क्योंकि शव गलने लगा था. सेना ने शव के डीएनए जांच के लिए सैंपल लिया है. रिकॉर्ड के अनुसार, नारायण सिंह सेना के मेडिकल कोर में तैनात थे और उन्होंने 1965 के भारत–पाक युद्ध में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. उनका पार्थिव शरीर गुरुवार (4 सितंबर) तक गांव पहुंचने की संभावना है, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा.पत्नी का 2011 में हुआ निधन नारायण सिंह की पत्नी बसंती देवी ने 42 साल तक अपने पति का इंतजार किया, लेकिन उन्हें कोई खबर नहीं मिली. इससे पहले नारायण सिंह की पत्नी बसंती देवी का साल 2011 में निधन हो गया है. नारायण सिंह के साथी सूबेदार गोविंद सिंह, सूबेदार हीरा सिंह बिष्ट और भवान सिंह नेगी ने बताया कि नारायण सिंह बेहद सौम्य स्वभाव के व्यक्ति थे और बचपन से ही सेना के प्रति उनका जुनून था. उनका सपना देश की सेवा करना था, जिसे उन्होंने 1965 के युद्ध में निभाया.टेलीग्राम से मिली थी जानकारी नारायण सिंह के लापता होने की खबर एक टेलीग्राम के माध्यम से उनके परिवार को मिली थी, जिसमें बताया गया था कि विमान लापता हो गया है. इसके बाद परिवार लगातार इंतजार करता रहा, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली. अब 56 साल बाद, उनके शव की पहचान होने से परिवार को थोड़ी राहत मिली है, लेकिन पत्नी बसंती देवी का यह इंतजार अधूरा रह गया. यह घटना न केवल नारायण सिंह के परिवार के लिए भावनात्मक है, बल्कि पूरे गांव के लिए दुखदायी पहल है.

अयोध्या में रामलला के दर्शन, आरती का समय बदला

शारदीय नवरात्र को देखते हुए ये भक्तों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर ये बदलाव किया गया

अगर आप अयोध्या जाने का प्लान कर रहे हैं और भगवान रामलला के दर्शन करना चाहते हैं तो उससे पहले ये जानना आपके लिए बेहद जरुरी है कि अब से राम मंदिर में मंगला आरती से लेकर कपाट बंद होने तक समय बदल गया है. शारदीय नवरात्र को देखते हुए ये भक्तों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर ये बदलाव किया गया है. श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय की ओर से ये जानकारी दी गई है. इसमें राम मंदिर के कितने बजे से मंगला आरती शुरू होगी, कब श्रृंगार होगा और बाल भोग से लेकर कपाट बंद होने तक का पूरा टाइम टेबल बदल गया है, जिसकी जानकारी दे दी गई. नया टाइम टेबल नवरात्र के पहले दिन 3 अक्टूबर से लागू होगा. राम मंदिर का नया टाइम टेबलराम मंदिर के नए टाइम टेबल के मुताबिक राम मंदिर में मंगला आरती सुबह 4.30 से 4.40 बजे तक होगी. इसके बाद 4.40 से 6.30 बजे तक श्रृंगार आदि के लिए पट बंद कर दिए जाएंगे 6.30 बजे श्रृंगार आरती होगी.

सुबह 7.00 बजे से रामलला के दर्शन शुरू हो जाएंगे. इसके बाद सुबह 9रू00 से 9रू05 बजे तक पट बंद कर दिए जाएंगे, इस दौरान बालभोग होगा. फिर 9रू45 से लेकर 11रू45 तक राम भक्त दर्शन कर सकेंगे. 11:45 से 12:00 बजे तक पर राजभोग के लिए पट बंद रहेंगे. इसके बाद दोपहर 12:00 बजे रामलला की भोग आरती की जाएगी. जिसके बाद 15 मिनट के लिए कपाट बंद रहेंगे. 12:15 से 12:30 तक दर्शन होंगे. 12:30 बजे से 1रू30 तक भगवान शयन करेंगे तो पट बंद रहेंगे. 1:30 बजे से फिर दर्शन शुरू होंगे. 1:35 से 4:00 बजे तक भक्त दर्शन कर सकेंगे. 5 मिनट के लिए पट फिर बंद होगा. 6:45 से 7:00 तक भोग आरती होगी पट बंद रहेगा. 7रू00 बजे संध्या आरती होगी. 7:00 से लेकर 8:30 बजे तक दर्शन चलेगा. रात 9:00 बजे राम मंदिर में प्रवेश बंद होगा. 9:15 से 9:30 तक भोग लगेगा और शाम की आरती होगी. 9:45 से सुबह 4:30 बजे तक भगवान का पट बंद रहेंगे.

त्योहारों से पहले योगी सरकार का बड़ा . तोहफा, कर दिया ऐलान

उत्तर प्रदेश को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी त्योहार नवरात्रि और दीपावली को देखते हुए बड़ा तोहफा दिया है. सीएम योगी ने दिवाली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के सभी लाभार्थियों को फ्री एलपीजी सिलेंडर देने का ऐलान किया है. इससे राज्य के करीब दो करोड़ परिवारों को फायदा होगा. त्योहार पर फ्री सिलेंडर महिलाओं के लिए किसी बड़े तोहफे से कम नहीं होगा.सीएम योगी आदित्यनाथ ने त्योहारों को देखते हुए मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक की और सभी को जरूरी दिशा निर्देश दिए. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को दिवाली पर फ्री सिलेंडर मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं. सीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारी इससे संबंधित सभी औपचारि. कताओं को पूरा करें. दिवाली पर महिलाओं को तोहफा सीएम ने इस बारे में जानक. ारी देते हुए एक्स पर लिखा– श्दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के सभी लाभार्थियों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर वितरित किया जाना है. प्रत्येक दशा में दीपावली से पहले सभी लाभार्थियों के घर रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध हो जाने चाहिएश्मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि दिवाली से पहली फ्री सिलेंडर मुहैया करने की सभी औपचारिकताओं को समय रहते पूरा कर लिया जाए. यूपी में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के दो करोड़ से ज़्यादा लाभार्थी हैं. इनमें कई ऐसे भी है जिनका गैस कनेक्शन आधार से लिंक नहीं है. ऐसे में कई तरह की दिक्कतें सामने आती है. सीएम ने इस संबंध में भी अधिकारियों से काम करने को कहा है. आपको बता दें कि यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने साल में दो त्योहारों पर फ्री सिलेंडर देने का ऐलान किया था. इसके तहत होली और दीपावली के त्योहार पर उज्जवला योजना के तहत ये सिलेंडर मुफ्त दिए जाते हैं. उज्जवला की शर्तें पूरी करने वाले परिवारों को ये सिलेंडर दिए जाते हैं.

अयोध्या में 9 दिनों तक मांस की बिक्री पर रोक, सीएम योगी ने जारी किया फरमान

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या में नवरात्रि को लेकर नौ दिनों तक मांस और मदिरा बिक्री पर पाबंदी लगा दी है. योगी सरकार का यह आदेश तीन से 11 अक्टूबर तक प्रभावी रूप से लागू रहेगा. आदेश के अनुसार अयोध्या जनपद में मांस की बिक्री पर रोक है और अगर ऐसा किया जाता है, तो उसके ऊपर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी.बता दें कि मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों व पुलिस कप्तानों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने त्योहारी माहौल में जिला स्तर पर बेहतर कानून–व्यवस्था के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की. बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि सभी जिले विगत वर्षों में त्योहारों के समय प्रदेश में घटी हर छोटी–बड़ी घटना का आंकलन करें और ऐसी व्यवस्था बनाएं कि इस वर्ष शारदीय नवरात्रि से छठ तक के पूरे त्योहारी माहौल में कहीं भी अप्रिय घटना ना घटे.नवरात्रि अवसर पर मांस बिक्री पर रोकसीएम योगी ने त्योहारों के सीजन में प्रदेश में शांति का माहौल बनाए रखने के लिए जरूरी दिशा निर्देश में खुले में मांस की बिक्री अथवा अवैध स्लाटर हाउस का संचालन पर रोक लगाई है. कहा गया है कि धार्मिक स्थलों के आस–पास मांस–मदिरा की दुकानें ना हों. मदिरा की दुकानें तय अवधि में ही खुलें. अवैधध्जहरीली शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रखें.योगी सरकार द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि शारदीय नवरात्रि के समय यद्यपि सभी देवी स्थानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी. इसका ध्यान रखते हुए आवश्यक पुलिस बल की तैनाती की जानी चाहिए. मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी धाम, सहारनपुर में मां शाकुम्भरी मंदिर, वाराणसी में विशालाक्षी मंदिर और बलरामपुर में मां पाटेश्वरी धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत बेहतर प्रबंध होने चाहिए. प्रत्येक मंदिर परिसर में साफ–सफाई होनी चाहिए.

दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2 हजार करोड़ की 500 KG कोकीन की खेप पकड़ी

दिल्ली पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है. पुलिस ने बुधवार को ड्र्ग्स की एक बहुत बड़ी खेप बरामद की. करीब 500 किलो से ज्यादा कोकीन बरामद हुई है, जिसकी कीमत करीब दो हजार करोड़ रुपये बताई जा रही है. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है. इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. साथ ही इंटरनेशनल ड्रग्स सिंडिकेट का भी खुलासा किया. नार्को टेरर के एंगल से जांच की जा रही है.दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया, ष्आरोपी की पहचान दिल्ली के वसंत विहार निवासी तुषार गोयल के रूप में हुई है. उन्होंने बताया कि तुषार के दो साथी हिमांशु और औरंगजेब भी इसमें शामिल थे. इसके अलावा कुर्ला वेस्ट से रिसीवर भरत जैन को भी पकड़ा गया है.ष्प्रमोद सिंह कुशवाह ने आगे बताया कि तुषार गोयल, हिमांशु और औरंगजेब के पास से करीब 15 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई. उन्हें तब पकड़ा गया जब वे रिसीवर को सप्लाई देने के लिए महिपालपुर एक्सटेंशन के गोदाम से बाहर आ रहे थे. गोदाम में बचा हुआ मारिजुआना और कोकीन मिला. उन्होंने बताया कि इस खेप के आगे और पीछे के जो लिंक सामने आए हैं, ये मिडिल ईस्ट से कंट्रोल किया जा रहा था, जहां एक बड़ा हैंडलर दिखाई दे रहा है. सीपी कुशवाह ने बताया कि हाल के दिनों में पकड़ी गई ये कोकीन की सबसे बड़ी खेप है.

कानपुर बढ़े से जवान करने के नाम पर ठगी, टाइम मशीन के झांसे में फंसे हजारों लोग

आपने अक्सर फिल्मों में कई बार ऐसा देखा होगा की किसी मशीन में कोई बूढ़ा इंसान जाता है और बाहर आकार वो जवान हो जाता है. इसी कांसेप्ट को लेकर कानपुर में एक दंपति ने शहर के हजारों लोगों को अपना शिकार बनाया और करोड़ों रुपया ठग कर फरार हो गए. अब पीड़ित अपने पैसे को वापस लेने के लिए पुलिस की चौखट पर पहुंच रहे हैं. कानपुर पुलिस ने फ्रॉड करने वाले इस दंपति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है. इन्हें पकड़ने के लिए रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी कर रही है.दरअसल कानपुर के गोविंदनगर क्षेत्र में एक थैरपी सेंटर खोला गया जिसमे बुजुर्गों को जवान करने की थरपी की जाती थी. लोगों के बीच इस बात का प्रचार भी किया गया कि इजरायल से इस मशीन को मंगाया गया है. जो 60 साल के आदमी को 25 साल के जवान लड़के में तब्दील कर देगा. रिवाइवल वर्ल्ड नाम से एक सेंटर खोला गया जिसमे बुजुर्गों को जवान करने की थैरपी की बात सामने आई. स्वरूप नगर के रहने वाले पति पत्नी जो इस ठगी के मुख्य सरगना थे. उन्होंने बहुत से लोगों को इस बात का झांसा दिया की खराब और दूषित हवा के चलते लोग जल्दी बुजुर्ग हो रहे हैं. ऑक्सीजन थैरपी से उन्हे कुछ महीनों में जवान कर दिया जाता है.वहीं ठग पति पत्नी ने 6 हजार रुपए की एक राउंड थैरपी के चार्ज बताकर लोगों को जोड़ना शुरू किया और एक चेन सिस्टम बनाया जिसमे और लोगों को जोड़ने पर फ्री में ट्रीटमेंट दिए जाने की स्कीम भी दी. शहर के बड़े बड़े लोग इनके झांसे में फंस गए. ये ठग करोड़ों रुपए लेकर रफूचक्कर हो गए. इन पति पत्नी के गिरोह ने बहुत से लोगों से पैसे लेकर यू ही फर्जी तरीके से सेंटर में थैरपी भी दी थी.बदमाशों की धरपकड़ में जुटी पुलिसशिकायत कर्ता रेनू सिंह चंदेल ने बताया कि उन्हे रश्मि और राजीव नाम के दो लोगों ने संपर्क किया था और ऑक्सीजन थैरपी के बारे में बताया था. जिसके बाद उन्होंने ने भी बहुत से लोगों को इन ठग दंपति से जोड़ा था और बहुत से लोगों ने खुद को जवान करने के लिए इन्हें मेरे माध्यम से पैसे भी दिए थे लेकिन अब ये लोग फरार हो गए. गोविंदनगर थाने में इन दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है. वहीं डीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि दोनो आरोपियों के खिलाफ शिकायतकर्ता के द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. इनकी तलाश के लिए रेड कॉर्नर नो. टिस भी जाती किया जाएगा और इन्हे पकड़ा जाएगा.

मांस की दुकान और होटलों को तुरंत किया जाए बंद, नवरात्र से पहले भा. जपा विधायक की मांग

लोनी विधायक नंदकिशोर ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी लोनी को पत्र लिखकर मांस की दुकानोंध्मांसाहारी होटलो को तत्काल बंद करने को कहा है। विधायक ने नंदकिशोर ने कहा कि नवरात्रों के दृष्टिगत कई कॉलोनियों के निरीक्षण के दौरान एवं कई स्थानों पर मीट की दुकानध्मांसाहारी होटल आदि खुले होने की सूचना प्राप्त हुई है जो बर्दाश्त योग्य नहीं है। विधायक ने कहा है कि नवरात्रि में चारों और लोनी में मंदिरों–घरों में पूजा–पाठ, जागरण, रामलीला आदि धार्मिक कार्यो का आयोजन बृहद स्तर पर किया जाता है। ऐसे में लोनी क्षेत्र में मीट की दुकानों का खुला पाया जाना चिंताजनक है। मंदिर एवं धार्मिक अनुष्ठानों में अवागमन के मार्ग में मांस की दुकानों का खुला होना धार्मिक सौहार्द की दृष्टि से भी गलत है।

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार
पत्र जननायक सम्राट
के लिये जिला ब्यूरो चीफ,
मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक
ब्यूरो एंव संवाददाता की
आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा
सम्पादक करें
मो:8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक,प्रकाशक
आरती वर्मा द्वारा आशु
प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल,
अलीगढ़ से मुद्रित कराकर
कार्यालय सरोज नगर ,गली
नम्बर 5, अलीगढ़ से
प्रकाशित
सम्पादक
अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद
अलीगढ़ न्यायलय ही होगा।

पीलीभीत की एक दिन की डीएम बनी अपराजिता, 11वीं कक्षा की छात्रा ने जनसुनवाई कर अधिकारियों को दिए निर्देश

उत्तर प्रदेश सरकार के जरिये चलाए जा रहे श्नायिका कार्यक्रमश के तहत पीलीभीत के केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया. जिलाधिकारी बनने के बाद छात्रा ने पीलीभीत के डीएम ऑफिस में बैठकर जन समस्याएं सुनी और निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए. इसके अलावा एक दिन की जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कंपाउंड का निरीक्षण किया. इस दौरान वह काफी खुश नजर आई. दरअसल, केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 11 में पढ़ने वाली छात्रा अपराजिता उपाध्याय को मंगलवार (1 अक्तूबर) को नायिका कार्यक्रम के तहत एक दिन का डीएम बनाया गया. अधिकारियों ने किया स्वागतइस दौरान एक दिन के डीएम को फूलों का गुलदस्ता देकर तमाम अधिकारियों ने स्वागत किया. अपराजिता उपाध्याय ने पीलीभीत के जिला अधिकारी के कार्यालय में बैठकर दूर–दराज से समस्याएं लेकर आए लोगों की फरियाद सुनी, उन्होंने फोन पर अधिकारियों को निर्देश जारी किए. एक दिन की डीएम ने की जनसुनवाई जनसुनवाई के दौरान अपराजिता उपाध्याय के समक्ष बीसलपुर इलाके की एक शिकायत आई, जिसमें किसान ने बताया कि बिजली विभाग ने नियम विरुद्ध तरीके से उनके खेत की तरफ एक पोल लगा दिया है. जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है.इसके बाद एक दिन की डीएम अपराजिता उपाध्याय ने बिजली विभाग बीसलपुर के अधिशासी अभियंता को फोन कर, इस समस्या के तत्काल निस्तारण करने का आदेश दिया. श्डीएम बनने की मिली प्रेरणाश्मीडिया से बातचीत में एक दिन की कलेक्टर अपरा. जिता ने कहा कि मैं बचपन से ही डीएम बनना चाहती थी, आज एक दिन का डीएम बनकर काम काज को समझने का मौका मिला. इससे मुझे डीएम बनने के लिए प्रेरणा मिली है.क्या है नायिका कार्यक्रम? उत्तर प्रदेश सरकार के इस अनूठे कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में प्रशासन सहित अन्य सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली की समझ विकसित करना, जिससे वह सामाजिक कल्याण अहम योगदान दें. इसी अनूठी के पहल के तहत केंद्रीय विद्यालय के 10वीं कक्षा की छात्रा अपराजिता उपाध्याय को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया था.

चौथी कक्षा की छात्राओं से लैब टेक्नीशियन करता था अश्लील हरकत, परिजनों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

छत्तीसगढ़ के बस्तर नगर पंचायत में संचालित आत्मानंद स्कूल में चौथी कक्षा की छात्रा के साथ शाला में लैब टेक्नीशियन के पद पर पदस्थ शिक्षक द्वारा अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है. पीड़ित छात्रा द्वारा अपने परिजनों को इसकी जानक. ारी देने के बाद इसका खुलासा हुआ है.बच्ची के बयान के बाद इसी कक्षा में अध्यनरत अन्य चार छात्राओं ने भी अपना बयान दिया है. छात्राओं ने बताया कि लैब टे. क्नीशियन छात्राओं को कमरे में बंद कर उनके साथ अश्लील हर. कतें करता है और किसी को बताने पर स्कूल से निकालने की धमकी देता है.लैब टेक्नीशियन की इस करतूत की शिकायत मिलने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच कमेटी बनाकर इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है. वहीं पीड़ित छात्रा के परिजनों ने लैब टेक्नी. शियन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है.बीईओ ने की उच्च अधिकारियों से शिकायत बस्तर ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी लोकनाथ सिंह नाग से मिली जानकारी के मुताबिक उन्हें शिकायत मिली कि आत्मानंद स्कूल में लैब टेक्नीशियन के पद पर पदस्थ शिक्षक स्कूल की बच्चियों के साथ अश्लील हरकतें करता था.एक बच्ची की परिजन ने बताया उनकी बच्ची को लैब टे. क्नीशियन स्कूल के कमरे में बंद कर बच्ची को डरा धमका कर अश्लील हरकतें करता था. हालांकि लैब टेक्नीशियन अपने आप को बे. कसूर बता रहा है, लेकिन केवल एक ही छात्रा नहीं बल्कि चौथी कक्षा में अध्ययनरत अन्य छात्राओं ने भी अपने बयान में लैब टेक्नी. शियन के द्वारा अश्लील हरकतें करने का बयान दर्ज कराया है. बस्तर के खंड शिक्षा अधिकारी लो. कनाथ ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है फिलहाल लैब टेक्नीशियन को स्कूल से हटा दिया गया है.शिक्षा अधिकारी ने कहा– दोषी पर होगी कार्रवाई इधर बच्ची के परिजनों का आरोप है कि स्कूल शिक्षा विभाग लैब टे. क्नीशियन को बचाने का प्रयास कर रही है. गंभीर मामला होने के बाद भी अब तक लैब टेक्निशियन पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई है. हालांकि बस्तर थाना में भी अभी तक इस मामले की लिखित शिकायत नहीं की गई है, वहीं जिला शिक्षा अधिकारी बलराम बघेल का कहना है कि बैड टच वाली खंड शिक्षा अधिकारी से लिखित में शिकायत मिलने के बाद इस पूरे मामले की जांच के लिए जांच कमेटी बनाई गई है और 2 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट मांगा गया है.जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने पर लैब टे. क्नीशियन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी.जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने का यह गंभीर मामला है. इसमें जो भी दोषी होगा उन्हें बक्शा नहीं जाएगा. फिलहाल प्रारम्भिक तौर पर लैबटेक्नीशियन को स्कूल से हटा दिया गया है.

नवरात्र से नया नियम लागू हनुमान मंदिर में प्रसाद नहीं चढ़ा सकेंगे भक्त, तिरूपति लड्डू विवाद के बाद बड़ा फैसला

गाजियाबाद के संजय नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर के हनुमान जी मंदिर टेंपल सेवा ट्रस्ट ने निर्णय लिया है कि प्रथम नवरात्रि से हनुमान मंदिर में स्थापित सभी दीप प्रतिमाओं पर बाजार में बने हुए किसी भी तरह का प्रसाद का भोग नहीं लगाया जाएगा। तिरुपति मंदिर के प्रसाद लड्डुओं मेंजानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिलाने के आरोप लगे थे। इसके बाद अब गाजियाबाद के संजय नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर के हनुमान जी मंदिर टेंपल सेवा ट्रस्ट ने निर्णय लिया है कि प्रथम नवरात्रि से हनुमान मंदिर में स्थापित सभी दीप प्रतिमाओं पर बाजार में बने हुए किसी भी तरह का प्रसाद का भोग नहीं लगाया जाएगा।मंदिर के गेट पर एक बैनर लगाया गया है। इसमें लिखा है, मंदिरों व बाजार में बने प्रसाद पदार्थों में निरंतर मिलावट की शिकायत मिलने पर अब हनुमान मंदिर संजय नगर में प्रथम नवरात्रे से बाजार से बनी हुई किसी भी वस्तु का भोग नहीं लगाया जाएगा। भोग लगाने के लिए केवल फल, नारियल, मिश्री, ड्राई फ्रूट, गुड़, चना व घर से बना हुआ प्रसाद ही लाकर देव प्रतिमाओं भोग लगायें। पाप का भागी बनने से बचें, हमें आपके सहयोग की आवश्यकता है।

अलीगढ़ में श्री कृष्ण लीला आज से, पूरी शास्त्रीय परंपरा से होगा मंचन

रात में श्री कृष्ण लीला का मंचन होगा तो सुबह चौतन्य महाप्रभु की लीला होगी। मंडली के कलाकार पूरी शास्त्रीय परंपरा के अनुसार कृष्णलीला का मंचन करेंगे। अलीगढ़ महानगर के आगरा रोड स्थित चिरंजीलाल इंटर कॉलेज में श्री कृष्ण लीला का 2 अक्टूबर से मंचन होगा। मंचन 15 अक्टूबर तक चलेगा।श्री कृष्ण लीला संस्थान की ओर से महा.त्सव में चौतन्य महाप्रभु की भी लीला का आयोजन होगा। रात में श्री कृष्ण लीला का मंचन होगा तो सुबह चौतन्य महाप्रभु की लीला होगी। आयोजन समिति के संस्थापक सदस्य प्रेम प्रकाश माहेश्वरी ने बताया कि मंडली के कलाकार पूरी शास्त्रीय परंपरा के अनुसार कृष्णलीला का मंचन करेंगे।

जन्म जयंती के अवसर पर याद किए गए बापू व देश के लाल

अलीगढ़ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लालबहादुर शास्त्री जी की जन्मजयंती एवं अन्तराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर प्रशानिक अधिकारियों ने दोनों महान विभ.तियों के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।क.मिश्नरी में मंडलायुक्त चौत्रा वी.ने ध्वजारोहण के पश्चात कहा कि दोनों ही महान विभूतियों ने राष्ट निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। बापू ने अहिंसा का मार्ग अपनाकर बहुत से आंदोलन चलाए जिसमें सत्याग्रह, दांडी यात्रा, भारत छोड़ो आन्दोलन, स्वदेशी आन्दोलन प्रमुख हैं। स्वच्छता के प्रति गांधी जी बहुत जागरूक थे, हम सभी को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए।जिला मजिस्ट्रेट विशाख जी0 ने कलैक्ट्रेट में गॉधी जी चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि दोनों महान विभ.तियों ने भारत की पहचान को विश्व पटल तक पहुंचाया। सत्य और अहिंसा व जय जवान जय किसान का नारा दिया। उनका सम्पूर्ण जीवन ही एक संदेश रूपी रहा। स्वच्छता ही सेवा उनके जीवन का सबसे बड़ा सन्देश है। उन्होंने स्वच्छता अपनाए जाने की अपील करते हुए कहा सभी लोगों को स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। बदलते परिवेश में अहिंसा का संदेश आज के जमाने में और महत्वपूर्ण हो जाता है जब विश्व का हर देश, राज्य और व्यक्ति अपने को ताकतवर समझने लगा है। डीएम ने प्रत्येक व्यक्ति को अपनी कमियों को स्वीकारते हुए अपने दायित्वों का अच्छे से निर्वहन करने की बात कही।सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने कहा कि गांधी जी के विचार सदैव ही प्रासंगिक रहे हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य सदैव याद किया जाता है, अपना कार्य पूरी मेहनत ईमानदारी से करना चाहिए। उन्होंने अपील करते हुए कहां कि आज यहां से जाने के बाद कम से कम 2 घंटे अपना समय निकालकर गांधी जी के आदर्शों, गुण एवं विचारों के बारे में पढ़ें और पढ़ने के उपरांत अपने जीवन में उतारें।कमिश्नरी में अपर आयुक्त अरुण कुमार, बीके सिंह, कलैक्ट्रेट में एडीएम अमित कुमार भट्ट, पंकज कुमार, अखिलेश कुमार यादव,मीनू राणा,सिटी मजिस्ट्रेटरमाशंकर, एसीएम सुधीरसोनी, संजयत्रिपाठी, मोहम्मदअमान, विकासभवन में डीडीओ आलोक आर्य, पीडी भाल चन्दत्रिपाठी, डीसी दीनदयाल वर्मा समेत अन्य प्रशासनिक व जिलास्तरीय अधिकारियों ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में बापू जी की प्यारी धुनरघुपति राघव राजा रामऔर वैष्णव जन तो तैने कहिए जो पीर पराई जाने रे.....गुनगुनाई गई।

भारतीय जैन मिलन, क्षेत्र संख्या 9 की अहिंसा संदेश मैराथन दौड़ सफलतापूर्वक संपन्न

अलीगढ़, भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाधयक्ष नरेश कुमार जैन एवं क्षेत्रीय अधयक्ष सुरेश कुमार जैन ने अपनी विज्ञप्ति बतायाकिआज दिनांक 2 अकटूबर 2024 को प्रातः 8रू00 बजे अहिंसा संदेश मैरा.थन दौड़ भगवान महावीर के 2550 वें वर्ष के अंतर्गत उद्घाटन माननीय श्री जगवीर किशोर जैन पूर्व शिक्षक विधायक एवं श्री अनुराग शर्मा मण्डल अधयक्ष भा ज पा के द्वारा किया गया मैराथन दौड़ भारी भीड़ के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। अहिंसा संदेश यात्रा श्री लखमी चंद पांड्या खण्डेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर से शुरू हो कर आगरा रोड, मानसिंह की सराय होते हुए श्री पाशर्व नाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर पककी सराय पर सम्पन्न हुई।अहिंसा संदेश मै.राथन दौड़ में डा पी के जैन क्षेत्रीय कार्य कारी अधयक्ष, संदीप कुमार जैन एडवोकेट, राजीव जैन प्रांतीय महामंत्री,श्री दिगंबर जैन महासमिति, मीना जैन राष्ट्रीय संयोजिका, सरिता जैन गढी क्षेत्रीय चेयरपर्सन, रजनी जैन अधयक्ष, नीता जैन मंत्री, मीनू जैन, पूर्वी जैन, रितु जैन, राकेश जैन अधयक्ष सिविल लाइन, ग्रीष्म जैन मंत्री सिविल लाइन, शरद जैन अधयक्ष सिद्धार्थ, प्रदीप जैन मंत्री अलीगढ़, प्रकाश चंद जैन, नीरज जैन, अजय कुमार जैन हरदुआगंज, प्रदीप जैन प्रवक्ता, अशोक जैन यूके, मोहित जैन बर्धमान, नितिन जैन, राजेन्द्र जैन, कमल जैन, आदर्श जैन संयोजक, अंजना जैन, योगेन्द्र जैन, सोरभ जैन पांड्या, अर्चना जैन, कुलदीप जैन संयोजक, विकास जैन मंत्री जैन स्टीट, कृष्ण कांत जैन, प्रमोद जैन, बाबूलाल जैन इंटर कॉलेज के स्काउट्स, एन सी सी के छात्र आदि सैकड़ों जैन समाज के वीरांगना, वीर जीओ और जीने दो के उदघोष के साथ मैराथन दौड़ में शामिल हुए।

किवानी क्लब अलीगढ़ ज्वैल्स के अध्यक्ष प्रवीण मंगला को भावभीनी विदाई

अलीगढ़, रविवार, अध्यक्ष प्रवीण मंगला ने कहा आज मेरे लिए बहुत ही भावुक दिन है यह 1 साल कैसे गुजर गया पता ही नहीं चला अध्यक्ष वर्ष 2023–24 के रूप में अपनी इस सुखद यादगार यात्रा को समाप्त करना मेरे लिए गर्व की बात है आप सभी के साथ के बिना यह यात्रा संभव नहीं थी, इसके लिए उन्होंने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया, उन्होंने विशेष रूप से सेक्रेटरी अंकित गर्ग, ट्रेजरार तुषार अरोरा और अपने धर्मपत्नी प्रीति मंगला का हर कदम पर साथ देने के लिए धन्यवाद दिया

उन्होंने कहा की अध्यक्ष पद पर रहते हुए मैंने बहुत कुछ यहां से सीखा है खासकर चुनौतियों का सामना करते हुए सबको साथ लेकर चलने और टीमवर्क के असली महत्व को समझा है, उन्होंने आने वाली नई टीम वर्ष 2024–25 अध्यक्ष दीपेंद्र वासने, सेक्रेटरी अंकित गुप्ता डिजिटल वर्ड, ट्रेजर अंशुमन अग्रवाल फाइनेंस कंसलटेंट को शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि आने वाले साल में नई टीम क्लब को और अधिक ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी सेक्रेटरी अंकित गर्ग की धर्मपत्नी प्रियंका गर्ग ने पूरे साल के कार्यक्रमों का लेखा–जोखा रखा और कहां यह वर्ष क्लब के लिए कई मील के पत्थर साबित करने वाला रहा और आने वाली नई टीम को बधाई दी कार्यक्रम में पदाधिकारी के साथ–साथ सम्मानित सदस्य अपने परिवार सहित अखिल चोला बीज, अमित जैन, अतुल दीक्षित स्वास्तिक, गौरव हरकुट, हिमांशु जिंदल, निखिल भाटिया, नितिन जैन, नितिन मित्तल, नितिन शर्मा, प्रवीण सदानी, राहुल अग्रवाल,राजीव कुमार रामसन, सचिन अग्रवाल, साहिल सोढ़ी, सौरभ नय्यर , डॉ शशांक सूद, सुमित रावल, विनीत जैन, विशाल मित्तल अग्रवाल एग्रो, विभूत तेओरी आदि मौजूद रहे

बापू हमें माफ कर देना व्यवस्था को शर्मसार करती गांधी जी की प्रतिमाएं, आस-पास गंदगी और जलभराव

हाथरस में बापू की प्रतिमाओं के आ.सपास गंदगी व जलभराव बना रहा। शहर के मधुगढ़ी स्थित गांधी पार्क का सालों बाद भी जीर्णोद्धार नहीं किया गया है। गांव ढकपुरा के प्राथमिक विद्यालय के पास पार्क में जलभराव के बीच गांधीजी की प्रतिमा खड़ी है।आज पूरा देश महात्मा गांधी की जयंती मनाएगा। हाथरस जिले में कई आयोजन किए जाएंगे। बापू की प्रतिमाओं और तस्वीरों पर माल्यार्पण किया जाएगा, लेकिन गांधी जयंती से एक दिन पूर्व शहर में कई जगह लगी बापू की प्रतिमाएं व्यवस्था को शर्मसार करती नजर आती रहीं।बापू की प्रतिमाओं के आसपास गंदगी व जलभराव बना रहा। शहर के मधुगढ़ी स्थित गांधी पार्क का सालों बाद भी जीर्णोद्धार नहीं किया गया है। वहीं गांव ढकपुरा के प्राथमिक विद्यालय के पास पार्क में जलभराव के बीच गांधीजी की प्रतिमा की ओर किसी का ध्यान नहीं है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में देशवासियों ने श्रद्धा भाव से किया याद

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर आज उन्हें काफी श्रद्धाभाव से याद किया गया ५ इस अवसर पर आज रेलवे रोड स्थित जिला एवं महानगर कांग्रेस कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश के पूर्व प्रभारी विवेक बंसल ने जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह व महानगर अध्यक्ष नवेद खान तथा कांग्रेसजनों के साथ मिलकर दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण करके उनको श्रद्धापूर्वक नमन किया ५ इस अवसर पर दोनों नेताओं को अपने श्रद्धासुमन करते हुये विवेक बंसल ने कहा कि जहाँ एक तरफ बापू की विचारधारा देश में सामाजिक एकता व आपसी भाईचारे के सिद्धांतों वाली थी तो दूसरी ओर लाल बहादुर शास्त्री जी देश की एकता और अखंडता की रक्षा करने के लिये कटिबद्ध थे ५ प्रधानमन्त्री के रूप में अपने छोटे से कार्यकाल के दौरान अपने नेतृत्व की अमिट छाप छोड़ी थी ५ इन दोनों नेताओं का जीवन दर्शन हम सब लोगों के लिये अनुकर्णीय है

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख कांग्रेसजनों में कफील अहमद खान, गया प्रसाद गिर्राज, मोहम्मद असलम कुरैशी, कैलाश बाल्मीकि, शाहिद खान, जितेन्द्र कुमार तोशी, डूंगर सिंह, पार्षद बिजेंद्र सिंह बघेल, शीलू चंदेल, शाहिद कुरैशी, पुरषोत्तम दास, अकील कुरैशी, भूदेव प्रसाद, लक्ष्मी नारायण, यामीन खान मेव, सागर सिंह तौमर, नादिर खान, शादब फजल, सुनील कुमार जाटव, कैलाश गौतम, ठा० राकेश चौहान, बिरजू जाटव, अतर सिंह, पवन सेठ, सोमेश चौहान, दिलशाद खान, इमरान रफीक, दीपेश सिंह, जोजफ जॉन, आदि थे

आईटी सेक्टर बनेगा तारणहार, 1.5 लाख नौकरी देने के लिए तैयार, एंट्री लेवल फ्रेशर्स को मौका

देश में नौकरी की समस्या को लेकर काफी समय से चिंता और आरोप–प्रत्यारोप से लेकर चर्चा–मंथन का दौर चल रहा है. पिछले कुछ समय से खबरें आ रही थीं कि आईटी कंपनियों ने फ्रेश हायरिंग के एंप्लाइज के सैलरी कम कर दिए हैं और इसमें देश की नामी–गिरामी टेक कंपनियों के नाम शामिल रहे. हालांकि अब इसी आ. ईटी सेक्टर की ओर से अच्छी खबर आ रही है जो खासतौर से फ्रेशर्स के लिए अच्छा मौका बनकर उभर रहा है. आईटी सेक्टर में आने वाले समय में कुछ हजार नहीं बल्कि लाखों

नौकरियों की बयार आने वाली है.आईटी सेक्टर में होंगे डेढ़ लाख जॉब के मौ. केआईटी सेक्टर में फ्रेशर हायरिंग ट्रेंड में ये बदलाव साल 2023–24 की सुस्ती के बाद देखने को मिल रहा है. आईटी फर्म्स में इस साल बंपर हायरिंग की उम्मीद है और इसके तहत 1.50 लाख के करीब टेक्निकल जॉब्स आने वाली है, ऐसा कई स्टाफिंग फर्म्स और ह्यूमन रिसोर्स संस्थानों के सर्वे के बाद देखने को मिला है. टीमलीज जैसी कई टेक्निकल हायरिंग संबंधित फर्मों ने कुछ समय पहले भी आईटी फर्मों मे ग्लोबल और घरेलू के मौके बनने का अनुमान दिया था.क्यों इन्फॉर्मेशन टेनक्नोलॉजी सेक्टर में मिलेंगे फ्रेशर्स को मौकेआईटी सेक्टर में अच्छी खासी जॉब हायरिंग होने की उम्मीद इसलिए हैं क्योंकि साल 2022 की तुलना में साल 2023–24 में जितनी हायरिंग हुई, वो 100 फीसदी से भी कम की हैं. जहां साल 2022 में 2. 30 लाख जॉब हायरिंग हुई वो साल 2023–24 में घटकर 60,000 रह गईं और इनमें साथ–साथ फ्रेशर्स की हायरिंग भी काफी कम रहीं. इस साल यानी 2024–25 में साल 2022 की तर्ज पर हायरिंग होने की उम्मीद है. इस साल अब तक जितनी आ. ईटी सेक्टर हायरिंग हुई हैं वो 100 फीसदी से भी ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है. आईटी सेक्टर में किस सेगमेंट में मिलेगी नौकरी बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस सेक्टर में इस समय सबसे ज्यादा नौकरी के मौके बन रहे हैं. दरअसल अमेरिकी फेडरल रिजर्व और यूरोप के कई सेंट्रल बैंकों ने ब्याज दरों में कटौती की है और इसके बाद ग्लोबल आईटी कंपनियों के खर्च में इजाफा होने की उम्मीद है. ऐसा होने पर आईटी कंपनियों के लिए मानव संसाधन यानी ह्यूमन रिसोर्स की जरूरत पड़ेगी और एंट्री लेवल पर ये हायरिंग ज्यादा बड़ी होने की आशा की किरण बन रही है.

आजाद भारत के पहले रुपये पर नहीं थी महात्मा गांधी की फोटो, इन लोगों के नाम की हुई थी चर्चा

किसी भी देश की करेंसी वहां की संस्कृति, इतिहास और गौरव का प्रतीक होती है. इस पर मौजूद तस्वीरों के जरिए देश की खासियतों को सम्मान दिया जाता है. भारत में 10 रुपये से लेकर 500 रुपये तक के नोटों पर अलग–अलग प्रतीकों के चिन्ह इसी का प्रतीक हैं. करेंसी के जरिए दुनियाभर में देशों ने अपने संस्थापकों की फोटो लगाकर उनका आभार व्यक्त किया है. भारत में हर नोट पर महात्मा गांधी , अमेरिका में जॉर्ज वाशिंगटन ¼George Washington½] पाकिस्तान में मोहम्मद अली जिन्ना और चीन में माओ जेदोंग की फोटो लगी होती है. मगर, क्या आप जानते हैं कि भारतीय नोटों पर पहले महात्मा गांधी की बजाय किसी और की फोटो लगाई जानी थी. हालांकि, बाद में वह फैसला बदल दिया गया. आइए महात्मा गांधी के जन्मदिन पर इस बारे में विस्तार से जान लेते हैं. सारनाथ के अशोक स्तंभ को दी गई थी पहले नोट पर जगह रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अनुसार, भारत को 15 अगस्त, 1947 को आजादी मिलने के बाद भारतीय रुपये के लिए प्रतीक चिन्हों पर मंथन शुरू हुआ. इसके बाद 26 जनवरी, 1950 को भारत एक रिपब्लिक बन गया. इस दौरान आरबीआई नोट जारी करता रहा. भारत सरकार ने 1949 में 1 रुपये के नोट का नया डिजाइन निकाला. इसमें स्वतंत्र भारत के लिए प्रतीकों का चयन करना था. शुरुआत में चर्चा हुई कि महात्मा गांधी का चित्र लगाया जाए. कुछ डिजाइन भी तैयार हुए. इसके बाद आम सहमति से सारनाथ के अशोक स्तंभ को नोटों पर जगह मिली.1969 में पहली बार रुपये पर लगी महात्मा गांधी की फोटोआजादी के बाद कई वर्षों तक नोटों पर भारत की समृद्ध विरासत और प्रगति का जश्न मनाया जाता रहा. 1950 और 60 के दशक के नोटों में बाघ और हिरण जैसे जानवरों की तस्वीर लगाई गई. इसके अलावा हीराकुड बांध (भ्पतांनक कंउ) और आर्यभट्ट सैटलाइट को भी नोटों पर जगह दी गई. साल 1969 में महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी के अवसर पर पहली बार उनके चित्र को भारतीय रुपये पर जगह मिली. इसमें गांधीजी को बैठे हुए दिखाया गया है और पीछे उनका सेवाग्राम आश्रम दिख रहा है.

नोट पर इन लोगों के चित्र लगाने पर भी हो चुकी है चर्चा साल 1987 में राजीव गांधी की सरकार ने 500 रुपये के नोट शुरू किए. पहली बार महात्मा गांधी को 500 के नोट पर जगह दी गई. इसके बाद आरबीआई ने 1996 में महात्मा गांधी सीरीज शुरू की. इसके साथ ही राष्ट्रपिता की तस्वीर हर नोट पर आ गई. इसके अलावा जवाहरलाल नेहरू सुभाष चंद्र बोस सरदार पटेल के अलावा देवी लक्ष्मी (ैंसीउप) और भगवान गणेश (ळंदमेीं) को भी नोटों पर जगह देने की चर्चा उठ चुकी है.